# कार्यवृत्त

## शुक्रवार, 26 माघ, शक संवत्, 1940
## ( दिनांक : 15 फरवरी, 2019 )

खण्ड–53
अंक–4

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 11:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार कल दिनांक 14 फरवरी, 2019 को अपरान्ह 03:00 बजे जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपुरा के गोरीपुरा क्षेत्र में जम्मू–कश्मीर हाईवे पर सी0आर0पी0एफ0 की बटालियनों के काफिले, जिसमें लगभग 70 वाहनों में 2500 जवान जम्मू से श्रीनगर जा रहे थे, पर एक विस्फोटकों से लदी एस0यू0वी0 जो स्कार्पियों बताई जाती है, ने टक्कर मार दी। इस फिदायीन आतंकी हमले में सी0आर0पी0एफ0 के 40 से अधिक जवान शहीद हो गये हैं और 40 से अधिक घायल हुए हैं।

अपुष्ट समाचारों के अनुसार इस आत्मघाती हमले में करीब 350 किलो आई0ई0डी0 विस्फोटक एस0यू0वी0 में रखा हुआ था। इस हमले में उत्तराखण्ड के दो जवान भी लापता बताये जा रहे हैं। लापता जवानों में उत्तरकाशी के बनकोट निवासी मोहन लाल और खटीमा के मोहम्मदपुर भोड़िया निवासी विरेन्द्र सिंह राणा शामिल है। यह हमला श्रीनगर से लगभग 30 किलोमीटर दूर हुआ है।

संसदीय कार्य मंत्री ने उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन नियमावली 2005 के नियम–112 के अन्तर्गत प्रस्ताव किया कि दिनांक 14 फरवरी, 2019 को जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में गुरूवार की दोपहर 3:37 बजे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले पर इतिहास का सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों से भरी गाड़ियों का काफिला जिसमें 78 गाडियां तथा लगभग 2500 जवान थे, पर आत्मघाती हमलावर ने जम्मू से लगभग 262 किलोमीटर दूर हमला कर दिया जिसमें अनेक वीर जवान शहीद हुए हैं तथा अनेक जवान घायल हो गये हैं। घायल जवानों में से अनेक की हालत गम्भीर बनी हुई है। यह हमला जम्मू–कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुलवामा के अवंतीपुरा में हुआ।

देश के अमर शहीदों को यह सदन अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है तथा वीर शहीदों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करता है। घायल वीर सैनिकों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। वीर सैनिकों की इस कुर्बानी के लिये हम श्रद्धापूर्वक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

नेता सदन ने जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकी हमले में सी0आर0पी0एफ0 के शहीद जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा घायल जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने कहा कि देश के लिये यह अपूर्णिय क्षति है और दुःख की इस घड़ी में सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक होकर आतंकवाद से लड़ना है। उन्होंने इस आतंकी हमले में शहीद और घायल जवानो के परिजनो के सहायतार्थ सदन के सभी सदस्यों से एक माह का वेतन देने का अनुरोध किया।

नेता प्रतिपक्ष ने भी इस आतंकी हमले में शहीद हुए रिजर्व पुलिस बल के जवानों के प्रति शोकोद्गार व्यक्त किये और घायल जवानो के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त कियेः–

1. श्री करन माहरा
2. श्री राजकुमार ठुकराल
3. श्री मुन्ना सिंह चौहान
4. श्री गणेश जोशी
5. श्री हरबंस कपूर
6. श्रीमती ममता राकेश
7. श्री विनोद कण्डारी
8. श्री राजकुमार
9. श्री विनोद चमोली
10. श्रीमती ऋतु खण्डूड़ी भूषण
11. श्री प्रीतम सिंह पंवार
12. श्री महेन्द्र भट्‌ट
13. श्री देशराज कर्णवाल
14. श्री राम सिंह कैड़ा
15. श्री प्रदीप बत्रा
16. श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
17. श्री भरत सिंह चौधरी
18. श्री धन सिंह नेगी
19. श्री सुबोध उनियाल
20. श्री महेश सिंह नेगी
21. श्री प्रीतम सिंह
22. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
23. जार्ज आइवान ग्रेगरी मैन
24. श्री गोविन्द सिंह कुन्जवाल
25. श्री दलीप सिंह रावत
26. श्रीमती मीना गंगोला
27. श्री केदार सिंह
28. हाजी फुरकान अहमद
29. डा0 हरक सिंह रावत
30. श्री हरीश सिंह
31. श्री संजीव आर्य
32. श्री आदेश चौहान

33. श्री शक्ति लाल शाह
34. श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी
35. श्री मनोज रावत
36. कुंवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''
37. श्री चन्दन राम दास
38. श्री सुरेश राठौर
39. श्री नवीन चन्द्र दुम्का
40. श्री संजय गुप्ता
41. श्रीमती मुन्नी देवी शाह
42. श्री बलवन्त सिंह भौर्याल
43. श्री पूरन सिंह फर्त्याल
44. श्री उमेश शर्मा (काऊ)
45. श्री सतपाल महाराज

श्री अध्यक्ष ने सम्मानित सदन से विचार किया कि जम्मू एवं कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपुरा के गोरीपुरा क्षेत्र में जम्मू–कश्मीर हाईवे पर आतंकी हमले में सी0आर0पी0एफ0 के शहीद एवं घायल जवानों के परिजनो के सहायतार्थ इस सदन के सभी सदस्य एक माह का वेतन देने को सहमत हैं। इस प्रस्ताव पर सर्वसम्मिति से सदन ने स्वीकृति प्रदान की।

नेता सदन ने सदन को अवगत कराया कि उत्तराखण्ड की सरकार ने यह निर्णय पहले ही लिया है कि हमारे चाहे सैनिक बल हों, सेना हो या अर्धसैनिक बल हों, अगर उनके परिवार का कोई सैनिक देश के काम आता है तो सरकार उनके आश्रित को योग्यता के अनुसार राजकीय सेवा देगी।

श्री अध्यक्ष ने कहा कि यह अत्यन्त दुख का विषय है कि कल दिनांक 14 फरवरी, 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकी हमले में सी0आर0पी0एफ0 के लगभग 35 से अधिक जवान शहीद हो गये और 40 से अधिक घायल हो गये।

समूचे सदन की भावनाओं से अपने को संबद्ध करते हुए मैं इस घटना में शहीद हुए जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करे। मैं इस सदन की ओर से उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूँ कि दु:ख की इस घड़ी में हम सब उनके साथ खड़े हैं।

हम इस कायरतापूर्ण कृत्य की घोर निंदा करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि देश के इन सपूतों का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। हम सब मिलकर आतंकवाद का दमन करेंगे और विशेषकर जम्मू कश्मीर में हम इस बड़ी चुनौती का समाधान निकालकर सीमापार से प्रायोजित इस विनाशकारी षड़यंत्र के चंगुल से अपने पथ से पृथक हुए नौजवानों को वापस लायेंगे।

वर्तमान भारत तेजी से विकास के रास्ते पर अग्रसर हो रहा है जो जम्मू कश्मीर को और आर्थिक सामाजिक रुप से समृद्धिपूर्ण प्रदेश बनायेगा। इसी आधार पर हमारा नौजवान आतंकवाद का रास्ता छोड़कर बंदूक के स्थान पर मशीने, कलम, औजार हाथ में लेगा। यदि देश का प्रत्येक नागरिक कमर कसके आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हो जाय तो यह दानव स्वमेव नष्ट हो जायेगा और हमारे

देश के एक भी नागरिक के प्राण व्यर्थ नहीं जायेंगे।

इस प्रकार की हृदय विदारक घटनाएं प्रत्येक संवेदनशील नागरिक को पूर्णतः करूणामय रूदन के लिए विवश कर देती हैं। सीमा के प्रहरी जो दिन रात हम सब की रक्षा के लिए सदैव कठिन परिस्थितियों में तैनात रहते हैं ऐसे एक–एक जवान का बलिदान देश के लिए अपूर्णीय क्षति है और कहना चाहता हूँ कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा। उनके माता–पिता, पत्नी, बच्चे भाई–बहन व सभी सगे संबंधियों पर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा है और वे शोक के सागर में हैं। परन्तु वे अकेले नहीं हैं, हम सब उनके साथ हैं और सदैव साथ रहेंगे।

मैं इस घटना में घायल सभी वीर जवानों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ।

एक बार पुनः हृदय की गहराईयों से शहीद हुए उत्तराखण्ड के तीन जवानों सहित सभी शहीदों के प्रति मैं सदन की ओर से शोक व्यक्त करता हूँ और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। सदन में व्यक्त की गई शोक संवेदना उनके परिवार तक पहुँचा दी जायेगी। सभी सदस्य दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिये दो मिनट मौन खड़े हुए।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 15 फरवरी, 2019 की बैठक में दिनांक 18 फरवरी, 2019 तक के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

<u>15 फरवरी, 2019</u>

1. जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपुरा के गोरीपुरा इलाके में हुई आतंकी घटना पर सदन में शोकोद्गार व्यक्त किये जायेंगे।

2. आज दिनांक 15 फरवरी, 2019 की कार्यसूची में सम्मिलित प्रश्न उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली–2005 के नियम–43 के अन्तर्गत उत्तरित मान लिये जायेंगे।

3. दिनांक 15 फरवरी, 2019 की कार्यसूची की मद संख्या 04 से 33 तक की सभी मदें सोमवार दिनांक 18 फरवरी, 2019 की कार्यसूची में सम्मिलित कर ली जायेंगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

**सदन की कार्यवाही 01 बजकर 10 मिनट पर सोमवार, दिनांक 18 फरवरी, 2019 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।**

जगदीश चन्द्र
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,
प्रेमचन्द अग्रवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा।